https://cm.jharkhand.gov.in/

# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

**रांची,दिनांक: 07/07/2026**

**मुख्यमंत्री सचिवालय**
**प्रेस विज्ञप्ति --246/2026**
**07 जुलाई 2026**
**मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची**
**===========================**




कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आज मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से “जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति” के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को आगामी **“रथ यात्रा महोत्सव”** में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने महोत्सव की तैयारियों तथा स्थानीय जनभावनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। “रथ यात्रा महोत्सव” का शुभारम्भ 16 जुलाई 2026 से होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि वे उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होकर महोत्सव की गरिमा बढ़ाएं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा दिए गए आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए महोत्सव की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

**इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष श्री एन. एन. पांडे, प्रथम सेवक (सेवायत) श्री ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव, सचिव श्री प्रसन्न कुमार, सदस्य श्री गोपाल उपाध्याय, श्रीमती नीतू देवी, श्री कमल ठाकुर तथा सहयोगी श्री अमरदीप कौशल शामिल थे।**

**===========================#Team PRD(CMO)**